HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - हापुड़ नगर **दिनांक 05.02.2025**

"थाना हापुड़ नगर पुलिस ने हत्या की घटना का किया खुलासा"

- **थाना हापुड़ नगर पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत चित्तौली रोड़ पर खेत में मिले शव की घटना का अनावरण करते हुए एक हत्यारोपी को किया गिरफ्तार।**
- **जिसकी निशानदेही पर आलाकत्ल रस्सी का टुकड़ा बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त व मृतक एक दूसरे को जानते थे, दोनों के मध्य शराब पीते समय हुए झगड़े में अभियुक्त ने रस्सी से गला दबाकर की थी मृतक की हत्या।**

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 31.01.2025 को थाना हापुड़ नगर क्षेत्रांतंगत चित्तौली रोड़ पर खेत में एक शव मिला था, उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था तथा घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/अनावरण करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा थाने मु0अ0सं0 76/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस में वांछित/सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर आलाकत्ल रस्सी का टुकड़ा बरामद हुआ है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

कमरुद्दीन उर्फ कम्मू पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी कोटला युसुफ जामन वाली मस्जिद के पीछे थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड।

गिरफ्तारी का स्थानः- रामपुर रोड़ नाले के पास, **दिनांक-** 05.02.2025

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्त कमरुद्दीन उर्फ कम्मू उपरोक्त ने बताया कि मैं बेलदारी का काम करता हूँ। कभी-कभी बेलदारी का काम करने के लिए रामपुर रोड़ स्थित चमडा पैठ में भी चला जाता था। वहीं पर मेरी जान-पहचान मुन्ना पुत्र रफीक से हुई थी। हम दोनों कभी-कभी एक साथ शराब का सेवन कर लेते थे। कुछ महीने पहले मेरी मुन्ना से कहा सुनी हो गयी थी जिसको लेकर मैंने मुन्ना के साथ हाथापाई कर दी थी तो आस पास के लोगों ने मुझे ही भला बुरा कहा था जिससे मेरी काफी बेइज्जती हुई थी। दिनांक 30.01.2025 को शाम के समय मुन्ना मुझे रामपुर रोड़ पर मिला था जिसके बाद हम लोग चित्तोली रोड स्थित भट्टे के पास खेतों में बैठकर शराब पीने लगे। कुछ देर बाद हमारे बीच कहासुनी और हाथापाई हो गयी। जिसके चलते मैंने रस्सी के टुकडे से मुन्ना को जान से मारने की नियत से उसका गला दबा दिया, जिसके बाद मुन्ना की मौत हो गयी थी।

बरामदगी का विवरणः-

आलाकत्ल (रस्सी का टुकड़ा)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मुनीष प्रताप सिंह थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री विवेक चौहान थाना हापुड नगर जनपद हापुड।
3. है0का0 903 रजनीश तोमर थाना हापुड नगर जनपद हापुड।
4. है0का0 494 अजय शंकर थाना हापुड नगर जनपद हापुड।
5. का0 910 कृष्णकान्त थाना हापुड नगर जनपद हापुड।